**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100 बजे**

**मनसुख मांडविया**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज शाम नई दिल्ली में इस वर्ष का सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान देंगे। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस व्याख्यान की रिकॉर्डिंग 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं ज यंती के अवसर पर आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित की जाएगी। देश के पहले गृह मंत्री के साथ ही सरदार पटेल पहले सूचना व प्रसारण मंत्री भी थे। उनके सम्मान में, आकाशवाणी वार्षिक सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान का आयोजन करता है।

**मुख्यमंत्री दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली दौरे पर हैं। वह आज केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण और 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के हितों की पैरवी करेंगे। इन मुलाकातों को राज्य की वितीय स्थिति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

**मुख्यमंत्री**

वर्तमान राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई प्रयास कर रही है। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा दो वर्षों में गाय के दूध का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 51 रुपए और भैंस के दूध का समर्थन मूल्य 61 रुपए प्रति लीटर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं और पांगी क्षेत्र में उगाए गए जौ को 60 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से किसानों को उनकी मेहनत का उचित फल मिल रहा है।

**पहली बार हिमाचल प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बना। दूध के मूल्य पर 51 रूपये का स्पोट प्राइस लगाया जाता है। 2–3 साल पहले की आप बात देखिए तो दूध का मूल्य 28 व 30 रूपये हुआ करता था। 2 साल में उसे बढ़ाकर 51 रूपये कर दिया। मक्की का 40 रूपये किलो सरकार खरीदेगी। 60 रूपये किलो गेहूं सरकार खदीरेगी, हल्दी उगाई है, तो 90 रूपये किलो सरकार खरीदेगी और किसीने जौ खरीदी है तो उसे 60 रूपये किलो सरकार खरीदेगी। इस प्रकार किसानों के हाथों में हम डायरेक्ट बैनिफिट दे रहे हैं।**

धारा–118 को लेकर विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुए प्रदेश की सम्पदा को लुटाया है।

***हमें बोलते हैं कि धारा 118 को हम कमजोर कर रहे हैं। बद्दी में 4 बड़े कस्टमाइज पैकेज पिछली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 5 हजार बीघा बिना रजिस्ट्री के एक रूपये प्रति सेक्यूर मीटर के***

***हिसाब से दे दी। यानी एक पांच हजार बीघा मात्र 14 करोड़ रूपये में कोई पैसा न लेकर बो इंडस्ट्री के नाम पर दे दिए। उनकी कीमत तकरीबन एक हजार करोड़ रूपये थी। यह भारतीय जनता पार्टी की करतूत है।***

**जीएसटी सुधार – पर्यटन क्षेत्र**

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। जीएसटी की कम दरों से पर्यटन क्षेत्र पर नागरिकों को मिल रहे लाभ पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट......

**आग**

छोटा शिमला में आज सुबह आग लगने से दो मंजिला मकान जल कर नष्ट हो गया है। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही अअग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग काफी भयानक होने की वजह से इस पर काबू नहीं पाया जा सका।

**अनिरूद्व सिंह**

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की पगोग, भोंट और डूमी पंचायतों का कल दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किये। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में एक समान विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है।

**प्रमाण पत्र**

केंद्र सरकार ने लोगों को जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र की सुविधा के लिए सिविल रेजिस्ट्रेशन ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की है जिसके माध्यम से लोग अब घर बैठे ही प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इसी कड़ी में कुल्लू के ढालपुर क्षेत्रीय अस्पताल में निजी व सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। ये सुविधा प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी।